शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक/राशिके/शिप्रशि.(पार्टनरशिप)/2019/7820 — भोपाल दिनांक– 7/12/19

प्रति,

प्राचार्य डाईट
जिला–डिंडोरी/मण्डला (म0प्र0)

जिला परियोजना समन्वयक
जिला–डिंडोरी/मण्डला(म0प्र0)

विषयः–एनईजी फायर संस्था द्वारा मातृभाषा आधारित बहुभाषीय शिक्षा कार्यक्रम गोड़ी एवं बैगानी भाषा की कार्यशाला में शिक्षकों को उपस्थित कराने के संबंध में।

संदर्भः–एनईजी फायर संस्था का ई–मेल दिनांक– 06/12/2019

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि एनईजी फायर संस्था द्वारा मातृभाषा आधारित बहुभाषीय शिक्षा में 6 जिले के सात विकासखण्डों मंडला, अनुपपुर, डिण्डोरी, बालाघाट, बैतूल एवं हरदा जिले के क्रमशः मरावी,अमरपुर एवं समनापुर,बैहर,जैतहरी,भीमपुर,टिमरनी विकासखण्डों में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गोड़ी एवं बैगानी भाषा में कुछ कहानियां एवं टीएलएम संबंधित कम्युनिटी से एकत्रित की गई है। जिन्हें अंतिम रूप दिया जाकर किताब बनाई जानी है। जिसे राज्य के संदर्भ में कक्षा 1 एवं 2 क पाठ्यक्रम अनुसार अपडेट भी किया जाना है। मण्डला एवं डिंडोरी जिले से एक–एक व्यक्ति गोड़ी एवं बैगानी भाषा के निम्नानुसार विशेषज्ञों को दिनांक 9 एवं 10 दिसम्बर, 2019 को कार्यशाला में नामांकित किया जाता है।

1.श्री मुन्नालाल मरकाम, सीएसी भीम डोंगरी (गोड़ी भाषा) जिला मण्डला
2.श्री अमरलाल बारिया, प्राथमिक शाला, ततार बजाक बेगानी भाषा जिला डिंडोरी

उपरोक्तानुसार संबंधित व्यक्ति 9 से 11 दिसम्बर, 2019 तक कार्यशाला में अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। इन शिक्षकों के टीए–डीए भोजन/आवास आदि की व्यवस्था एनईजी–फायर संस्था द्वारा की जायेगी।तदनुसार संबंधितों को कार्यशाला में सहभागिता हेतु मुक्त करना सुनिश्चित करें।

7/12/19
(ओ0एल0मण्डलोई)
अपर संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

प्र0क्रमांक/राशिके/शिप्रशि.(पार्टनरशिप)/2019/7821 — भोपाल दिनांक– 7/12/19

प्रतिलिपि–

1. कलेक्टर, मण्डला/डिंडोरी जिले की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला/डिंडोरी जिले की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मण्डला/डिंडोरी जिले की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. नियंत्रक पाठ्यक्रम राज्य शिक्षा केन्द्र की ओर लेख है कि निर्धारित तिथियों में कार्यशाला में उपस्थित रहकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने का कष्ट करें।
5. राज्य प्रमुख, श्री बलीराम बालसराफ, एनईजी फायर संस्था, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. संबंधित शिक्षकों की ओर पालनार्थ प्रेषित।

7/12/19
अपर संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र